RAILWAY RECRUITMENT BOARDS
रेलवे भर्ती बोर्ड

RRB ALP 2018 CBT-2 Turner

Assistant Loco Pilot & Technicians | CEN 01/2018 | CBT-2 | Trade: Turner

HINDI ANSWER KEY

Official Answer Key

Complete Paper · 21-01-2019

Questions	175
Marking	+1 correct / -1/3 wrong
Duration	Part A 90 min · Part B 60 min
Sections	Part A 100 · Part B (Turner) 75

Every paper is set out as the official RRB response sheet, typed from the saved paper, with the official answer key marked. No candidate details are included.

Short shifts: 21-01-2019 171 of 175 questions.

HOW TO USE THIS BOOK

1. Open the INDEX on the next page.
2. Click any row to jump straight to that date and shift.
3. The correct option is ticked in green; the other options are crossed in red.
4. Use the bookmarks panel of your PDF reader to move between shifts.

Check your marks, normalized score and zone-wise rank free at
rank.qmaths.in

Blackbook

Score & Rank Calculator · rank.qmaths.in

Compiled 02 November 2026

INDEX · Click any row to open that paper

RRB ALP 2018 CBT-2 Turner (Hindi) · 1 shifts

DAY	DATE	SHIFT	TIME	PAGE
Day 1	**21-01-2019**	Shift 1	12:30 - 15:00	**3**

RAILWAY RECRUITMENT BOARDS
रेलवे भर्ती बोर्ड

Test Date	21/01/2019
Test Time	12:30 PM - 3:00 PM
Subject	ALP CBT-2

*** Note**
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.

Section : **Part A**

Q.1 हमारे भोजन में मौजूद कॉफी, पालक, प्याज और चाय ज्यादातर हमें भोजन के रूप में निम्नलिखित में से कौन सा तत्व प्रदान करते हैं?

Ans
- ✗ A. आयोडीन
- ✗ B. सोडियम
- ✓ C. फ्लोराइड
- ✗ D. क्लोराइड

Q.2 4:45 बजे घड़ी की घंटे और मिनट की सुइयों के बीच का कोण कितना होता है?

Ans
- ✗ A. 115.5°
- ✗ B. 147.5°
- ✓ C. 127.5°
- ✗ D. 135.5°

Q.3 लेड के संलयन की विशिष्ट गुप्त ऊष्मा 23 Jg^{-1} है। यदि लेड का एक टुकड़ा इसके हिमांक, $327^{\circ}C$. पर जमने पर, 2116 J ऊष्मा मुक्त करता है, तो उस टुकड़े का द्रव्यमान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 460
- ✗ B. 62
- ✗ C. 600
- ✓ D. 92

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.4 सीमेंस _____ की इकाई है।

Ans
✗ A. वाट / स्टेरेडियन
✗ B. विद्युतशीलता
✓ C. विद्युत चालकता
✗ D. पारगम्यता

Q.5 इस प्रश्न में, दो कथन और उसके बाद दो निष्कर्ष, I और II दिए गए हैं। आपको कथनों को सत्य मानते हुए विचार करना है, भले ही वे आम तौर पर ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों। आपको निर्णय करना है कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन सा, यदि कोई हो, दिए गए कथनों का पालन करता है।

कथन 1 : सभी बूट, स्नीकर हैं।
कथन 2 : सभी स्नीकर, जूते हैं।

निष्कर्ष I: कुछ जूते बूट हैं।
निष्कर्ष II: कुछ स्नीकर बूट हैं।

Ans
✗ A. केवल निष्कर्ष I पालन करता है
✓ B. I और II, दोनों पालन करते हैं
✗ C. न तो I और न ही II पालन करता है
✗ D. केवल निष्कर्ष II पालन करता है

Q.6 48 और 54 का लघुत्तम समापवर्त्य ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ A. 432
✗ B. 342
✗ C. 144
✗ D. 234

Q.7 1996 में नन्हीं कली नामक परियोजना का शुभारंभ किसने किया?

Ans
✗ A. रतन टाटा
✗ B. नारायण मूर्ति
✗ C. अजीम प्रेमजी
✓ D. आनंद महिंद्रा

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.8 उस आकृति का चयन करें, जो अन्य आकृतियों से भिन्न हो।

Ans

✗ A.

E	C	D
F	G	W
H	L	I

✗ B.

W	L	G
C	I	D
F	H	E

✗ C.

L	F	D
C	W	E
G	I	H

✓ D.

I	L	C
F	H	E
D	M	G

Q.9 एक खुदरा विक्रेता किसी वस्तु को ₹486 में बेचता है और 8% लाभ कमाता है। यदि उसने उस वस्तु को ₹414 में बेचा होता, तो उसे _____ होती।

Ans

✗ A. 12% हानि

✗ B. 4% हानि

✓ C. 8% हानि

✗ D. 10% हानि

Q.10 लेड की विशिष्ट ऊष्मा धारिता 125 $Jkg^{-1}K^{-1}$ है। यदि लेड के 250g के एक टुकड़े द्वारा 5kJ ऊष्मा अवशोषित किए जाने के बाद उसका तापमान $10^{o}C$ बढ़ता है, तो इसकी ऊष्मा धारिता ज्ञात कीजिए।

Ans

✓ A. 500 JK^{-1}

✗ B. 325 $Jkg^{-1}K^{-1}$

✗ C. 250 $Jkg^{-1}K^{-1}$

✗ D. 200 JK^{-1}

Q.11 विनोद और मनोज के वर्तमान वेतन का अनुपात 6 : 7 है। यदि दोनों के वेतन में ₹ 16,000 की वृद्धि होती है, तो यह अनुपात 8 : 9 हो जाता है। मनोज का वर्तमान वेतन कितना है?

Ans

✗ A. ₹ 72,000

✗ B. ₹ 48,000

✗ C. ₹ 64,000

✓ D. ₹ 56,000

Q.12 यदि $a+b=9$ और $a^2+b^2=53$, तो ab का मान ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. 20

✓ B. 14

✗ C. 8

✗ D. 18

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.13 यदि $\frac{5x}{2} - \frac{5}{3}\left(\frac{3}{2} + \frac{4x}{3}\right) = \frac{5}{6}$ हो, तो x का मान है:

Ans
- ✗ A. 3
- ✗ B. 4
- ✗ C. 6
- ✓ D. 12

Q.14 समीकरण $4x + 6y = 9$ द्वारा प्रदर्शित रेखा का ढाल (स्लोप) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. $\frac{-2}{3}$
- ✗ B. $\frac{2}{3}$
- ✗ C. $\frac{3}{2}$
- ✗ D. $\frac{-3}{2}$

Q.15 60 kg द्रव्यमान के एक पिंड का मंगल ग्रह पर भार 222 N है। मंगल पर गुरुत्वजनित त्वरण (m / s^2 में) ज्ञात कीजिए?

Ans
- ✗ A. 13.32
- ✓ B. 3.7
- ✗ C. 19.8
- ✗ D. 4.9

Q.17 _____ वृत्त, एक उभयनिष्ठ केंद्र के आसपास स्थित छिद्रों के केन्द्रों युक्त ड्राइंग पर खींची गई एक वृत्ताकार केंद्र रेखा है।

Ans
- ✗ A. अक्ष
- ✓ B. बोल्ट
- ✗ C. सकेंद्रित
- ✗ D. परिधीय

Q.18 उस विकल्प का चयन करें, जो तीसरे शब्द से उसी प्रकार संबंधित है, जिस प्रकार दूसरा शब्द, पहले शब्द से संबंधित है।
गन्ना : गुड़ :: नारियल : ?

Ans
- ✓ A. नारियल की जटा
- ✗ B. समुद्रतट
- ✗ C. फल
- ✗ D. सफेद

Q.19 उस अक्षर समूह का चयन करें, जो अन्य से भिन्न हो।

Ans
- ✗ A. DGJ
- ✗ B. EHK
- ✗ C. NQT
- ✓ D. TQN

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.20 पाइप A एक टंकी को X घंटे में भर सकता है। पाइप B इसे 15 घंटे में खाली कर सकता है। यदि दोनों पाइप एक साथ खोल दिए जाते हैं, तो टंकी 7 घंटे और 30 मिनट में भर जाएगी। X का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 8
- ✗ B. 10
- ✗ C. 9
- ✓ D. 5

Q.21 1, 4, 9, X, 12, 14, 15 और 16 का माध्य 10 है। बहुलक ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 9
- ✗ B. 10
- ✗ C. 12
- ✗ D. 11


Q.22 सर्वाधिक एकल स्टूडियो रिकॉर्डिंग के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड किस गायक के नाम पर दर्ज है?

Ans
- ✗ A. किशोर कुमार
- ✗ B. मोहम्मद रफ़ी
- ✗ C. लता मंगेशकर
- ✓ D. आशा भोंसले

Q.23 25 kΩ प्रतिरोध वाले एक तार पर 12.5 V का विभवांतर आरोपित किए जाने पर उसमें से प्रवाहित होने वाली विद्युत धारा (mA में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 0.5
- ✗ B. 5
- ✗ C. 2
- ✗ D. 0.2

Q.24 निम्न आकृति में, त्रिभुज मुक्केबाजों को निरूपित करता है, वर्ग पुजारियों को निरूपित करता है, वृत्त ब्रिटिश को निरूपित करता है और आयत पुरुषों को निरूपित करता है। अक्षरों का कौन सा सेट उन पुरुषों को निरूपित करता है जो मुक्केबाज या पुजारी हैं?



Ans
- ✓ A. CEF
- ✗ B. EFH
- ✗ C. FGH
- ✗ D. CEI

Q.25 एक तीर्थयात्री ने 7.5 घंटे में 50 km की दूरी तय की। उसने कुछ दूरी 4 km/hr की चाल से पैदल चलकर और कुछ दूरी 12 km/hr की चाल से चल रही बैलगाड़ी पर बैठकर तय की। पैदल चलकर तय की गई दूरी _____ km है।

Ans
- ✗ A. 26
- ✗ B. 24
- ✓ C. 20
- ✗ D. 30

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.26 एक ग्रह की परिधि 36,000 km है। यदि ग्रह कोई अन्य गति नहीं करता है और इसे एक पूर्ण घूर्णन में 20 घंटे का समय लगता है, तो उसकी मध्य रेखा (equator) पर स्थित एक बिंदु की गति ज्ञात कीजिए?

Ans
- ✔ A. 500 m/s
- ✘ B. 400 m/s
- ✘ C. 200 m/s
- ✘ D. 300 m/s

Q.27 E ने F से कहा, "तुम मेरे पुत्र की पत्नी के ससुर हो।" F का E से क्या संबंध है?

Ans
- ✘ A. F, E की पत्नी है
- ✘ B. F, E का साला है
- ✔ C. F, E का पति है
- ✘ D. F, E का पिता है

Q.28 _____, किसी गियर के पिच सर्कल और दांतों (टूथ) के निचले हिस्से के बीच की दूरी है।

Ans
- ✘ A. बोर
- ✘ B. हब
- ✘ C. अडेंडम
- ✔ D. डिडेंडम

Q.29 43.2 kJ ऊष्मा अवशोषित कराने के लिए एल्यूमीनियम से बने 800 g कैलोरीमीटर को कितने डिग्री सेल्सियस तक गर्म किया जाना चाहिए? एल्यूमीनियम की विशिष्ट ऊष्मा धारिता 0.9 $Jg^{-1}K^{-1}$ है।

Ans
- ✘ A. 67.5
- ✘ B. 42.5
- ✔ C. 60
- ✘ D. 120

Q.31 A4 शीट की छोटी भुजा और A3 शीट की लंबी भुजा का अनुपात _____ होता है।

Ans
- ✘ A. 1 : 1
- ✔ B. 1 : 2
- ✘ C. 1 : √2
- ✘ D. 1 : 4

Q.32 एक निश्चित कूटभाषा में, '+', '×' को निरूपित करता है, तो '÷', '+' को निरूपित करता है, '−', '÷' को निरूपित करता है और 'x', '−' को निरूपित करता है, तो उसी कूटभाषा के आधार पर निम्नलिखित व्यंजक का मान ज्ञात कीजिए।

$9 \times 3 \div 4 + 10 - 8 = ?$

Ans
- ✘ A. 13
- ✘ B. 12
- ✔ C. 11
- ✘ D. 30

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.33 -200° सेल्सियस = _____ फ़ारेनहाइट

Ans

✗ A. -73°

✗ B. -392°

✓ C. -328°

✗ D. 73°

Q.35 एक विक्रेता अपनी दिनचर्या शुरू करती है। वह उत्तर दिशा में 7 km चलती है, फिर पश्चिम की ओर मुड़ती है और 6 km चलती है, फिर दक्षिण की ओर मुड़ती है और 2 km चलती है, फिर पश्चिम की ओर मुड़ती है और 3 km चलती है, फिर बाईं ओर मुड़ती है और 5 km चलती है। अब वह अपनी प्रारंभिक स्थिति के सापेक्ष कहां पर है?

Ans

✓ A. 9 km पश्चिम में

✗ B. 3 km पूर्व में

✗ C. 3 km पश्चिम में

✗ D. 9 km पूर्व में

Q.36 इस प्रश्न में, दो कथन और उसके बाद तीन निष्कर्ष, I, II और III दिए गए हैं। आपको कथनों को सत्य मानते हुए विचार करना है, भले ही वे आम तौर पर ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों। आपको निर्णय करना है कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन सा, यदि कोई हो, दिए गए कथनों का पालन करता है।

कथन 1 : कुछ झोपड़ियाँ केबिन हैं।
कथन 2 : कोई भी केबिन कॉटेज नहीं हैं।

निष्कर्ष I: कुछ केबिन झोपड़ियाँ हैं।
निष्कर्ष II: कुछ कॉटेज झोपड़ियाँ हैं।
निष्कर्ष III: सभी झोपड़ियाँ कॉटेज हैं।

Ans

✗ A. केवल निष्कर्ष I और III पालन करते हैं

✓ B. केवल निष्कर्ष I पालन करता है

✗ C. केवल निष्कर्ष III पालन करता है

✗ D. सभी निष्कर्ष I, II और III पालन करते हैं

Q.37 गन्ने से मीठा रस निकालने के बाद बचा हुआ फाइबर _____ कहलाता है।

Ans

✓ A. खोई (बगैस)

✗ B. चारा (फॉरिज)

✗ C. कम्पोस्ट

✗ D. कुलेट

Q.38 A किसी कार्य का 25% हिस्सा 3 दिन में पूर्ण कर सकता है और B उसी कार्य के आधे हिस्से को 18 दिनों में पूर्ण कर सकता है। यदि वे दोनों एक साथ मिलकर कार्य करें, तो वे उसी कार्य को कितने दिनों में पूर्ण कर सकते हैं?

Ans

✓ A. 9

✗ B. 15

✗ C. 6

✗ D. 12

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.39 15 Ω का प्रभावी प्रतिरोध प्राप्त करने के लिए R Ω और 20 Ω के दो प्रतिरोधों को समानांतर क्रम में जोड़ा गया है। R का मान ज्ञात कीजिए।

Ans

✔ A. 60

✘ B. 40

✘ C. 50

✘ D. 30

Q.40 इंटरनेशनल बैंक फॉर रिकंस्ट्रक्शन एंड डेवलपमेंट (IBRD) और इंटरनेशनल डेवलपमेंट एसोसिएशन (IDA) नामक दो संस्थानों को किस संगठन में शामिल किया गया है?

Ans

✘ A. अंतरराष्ट्रीय वाणिज्य मंडल (International Chamber of Commerce)

✔ B. विश्व बैंक (The World Bank)

✘ C. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (The International Monetary Fund)

✘ D. अंतरराष्ट्रीय वित्त निगम (International Finance Corporation)

Q.41 दो बाइनरी संख्याओं, 10010000 और 1111001 के बीच का अंतर है:

Ans

✘ A. 10011

✘ B. 11101

✘ C. 11011

✔ D. 10111

Q.42 निम्नलिखित में से कौन सा तृतीय श्रेणी के उत्तोलक का उदाहरण है?

Ans

✘ A. सी-सॉ

✔ B. बर्फ उठाने की चिमटी (आइस टोंग)

✘ C. एक पहिए का ठेला (व्हील बैरो)

✘ D. सरौता (नट क्रैकर)

Q.43 पानी में पूरी तरह से डुबोये जाने पर एक धातु के टुकड़े का आभासी द्रव्यमान 60 gm प्राप्त होता है। यदि इस धातु के टुकड़े का आपेक्षिक घनत्व 2.5 हो, तो इसका वास्तविक द्रव्यमान (gm में) ज्ञात कीजिए?

Ans


✘ A. 300

✔ B. 100

✘ C. 400

✘ D. 40

Q.44 दिए गए लाइन ग्राफ में, दो कंपनियों A और B का 6 वर्ष का लाभ (लाख रुपए में) दर्शाया गया है। इन छः वर्षों के दौरान कंपनी B और A के संचयी लाभों का अनुपात है:



Ans

✘ A. 7 : 8

✘ B. 8 : 7

✘ C. 7 : 3

✔ D. 3 : 7

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary

GET IT ON Google Play

Q.45 किसी गियर ट्रेन में, संचालक (ड्राइवर) गियर में _____ दांते हैं, जबकि संचालित (फॉलोअर) गियर में 10 दांते हैं। संचालक (ड्राइवर) गियर के प्रत्येक 16 चक्कर के लिए संचालित (फॉलोअर) गियर 40 चक्कर घूमता है।

Ans
- ✗ A. 15
- ✓ B. 25
- ✗ C. 32
- ✗ D. 8

Q.46 हवा महल _____ में स्थित एक महल है।

Ans
- ✗ A. बीकानेर
- ✗ B. उदयपुर
- ✗ C. जोधपुर
- ✓ D. जयपुर

Q.47 वाट / स्टेरेडियन _____ की इकाई है।

Ans
- ✗ A. विद्युत चालकता
- ✗ B. पारगम्यता
- ✓ C. विकिरण तीव्रता
- ✗ D. विद्युतशीलता

Q.48 तीन बक्सों का वजन 4, 5 और 11 किलोग्राम है। निम्नलिखित में से कौन सा, इन बक्सों के किसी भी संयोजन का किलोग्राम में कुल वजन नहीं हो सकता है?

Ans
- ✓ A. 17
- ✗ B. 15
- ✗ C. 16
- ✗ D. 20

Q.49 _____ एक विशेष उच्च गति संग्रहण प्रणाली है।

Ans
- ✗ A. बोर्ड
- ✓ B. कैश
- ✗ C. होस्ट
- ✗ D. इंटरफेस

Q.50 निम्नलिखित प्रश्न में, अक्षरों का कौन सा सेट, तार्किक रूप से नीचे दी गई अक्षर श्रृंखला को पूर्ण करेगा, जब सेट में दिए गए अक्षरों को रिक्त स्थान में क्रमबद्ध रूप से बाएं से दाएं के क्रम में रखा जाता है।
c_ax_za_cz_xc_a

Ans
- ✗ A. bbxyc
- ✗ B. bbyyc
- ✓ C. bybyb
- ✗ D. bbyyb

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.51 14 cm त्रिज्या वाले एक शंकु के वक्र पृष्ठ का क्षेत्रफल 2200 cm^2 है, तो इसकी ऊंचाई (cm में) ज्ञात कीजिए।

Ans

✔ A. 48

✘ B. 49

✘ C. 56

✘ D. 50

Q.52 यदि 85°C तापमान वाले 2.5 लीटर गर्म पानी को 4.5 लीटर ठंडे पानी के साथ मिलाया जाता है, तो संतुलन ताप तक पहुंचने पर ठंडे पानी का तापमान 15°C बढ़ जाता है। यह मानकर कि कोई ऊष्मा हानि नहीं हुई है, ठंडे पानी का प्रारंभिक तापमान (°C में) ज्ञात कीजिए।

Ans


✘ A. 15

✘ B. 48

✘ C. 25

✔ D. 43

Q.53



बार ग्राफ में अन्नू और बंटी द्वारा उनकी परीक्षा में प्राप्त किए अंकों को दर्शाया गया है, जिसमें 100-100 अंकों के 6 प्रश्नपत्र थे। यदि बंटी को प्रश्नपत्र C में 25% कम और प्रश्नपत्र A में 10 अंक अधिक मिले होते, तो उसे परीक्षा में अन्नू की तुलना में कितने अधिक अंक मिले होते?

Ans

✔ A. 16.67%

✘ B. 10%

✘ C. 15%

✘ D. 12.25%

Q.54 मान लीजिए कि 5 # 11 = 4; 13 # 7 = 5; 10 # 22 = 8 है। तो 10 # 2 का मान ज्ञात कीजिए।

Ans

✘ A. 20

✔ B. 3

✘ C. 12

✘ D. 8

Q.55 _____, एक पेन जैसी आकृति वाला पॉइंटिंग एवं ड्राइंग उपकरण है। इसका उपयोग टच स्क्रीन पर किया जाता है।

Ans

✘ A. फ्लैग

✘ B. कर्सर

✘ C. इंडेक्स

✔ D. स्टाइलस

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary

GET IT ON Google Play

Q.56 एक कथन और उसके बाद दो अवधारणायें I और II दी गई हैं। आपको कथनों को सत्य मानते हुए विचार करना है, भले ही वे आम तौर पर ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों। आपको निर्णय करना है कि दी गई अवधारणाओं में से कौन सी दिए गए कथन में निहित है/हैं?

कथन : शिक्षकों को बार-बार गलती करने वाले छात्रों को कभी नहीं डांटना चाहिए।

अवधारणायें :
I. छात्र जानबूझकर बार-बार गलतियाँ नहीं करते हैं।
II. नकारात्मक सुदृढीकरण, छात्र के प्रदर्शन को बेहतर बनाने का अच्छा तरीका नहीं है।

Ans

✗ A. न तो अवधारणा I और न ही II निहित है।

✓ B. I और II, दोनों अवधारणाएं निहित हैं।

✗ C. केवल अवधारणा II निहित है।

✗ D. केवल अवधारणा I निहित है।

Q.57 यहाँ एक कृत्रिम भाषा के कुछ शब्द दिए गए हैं।
norusi का अर्थ है - batwing
odusi का अर्थ है -batman
odzul का अर्थ है -superman
इसी कृत्रिम भाषा में निम्नलिखित में से किस अक्षर समूह का अर्थ "superrich' होगा?

Ans

✗ A. ludnor

✗ B. gifod

✓ C. nadzul

✗ D. tudusi

Q.58 _____ जीवित कोशिकाओं में परमाणुओं को प्रभावित करता है और इस प्रकार उनकी आनुवंशिक सामग्री (DNA) को नुकसान पहुंचाता है।

Ans


✗ A. क्लोरोफार्म

✗ B. क्लोरीनयुक्त पानी

✗ C. बेंजीन वाष्प

✓ D. आयनीकारक विकिरण

Q.59 दिया गया वेन आरेख एक कक्षा में उन छात्रों की संख्या को दर्शाता है, जो एक विशेष खेल खेलते हैं। कितने छात्र हॉकी के साथ-साथ फुटबॉल भी खेलते हैं?



Ans

✓ A. 15

✗ B. 51

✗ C. 8

✗ D. 7

blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.60 किसी धारावाही परिपथ में दो बिन्दुओं के बीच वैद्युत _____, एक इकाई आवेश को एक बिंदु से दूसरे बिंदु तक स्थानांतरित करने के लिए किए गए कार्य के बराबर होता है।

Ans

✗ A. प्रतिरोध

✗ B. धारा

✓ C. विभवांतर

✗ D. आवेश

Q.61 इस प्रश्न में दिए गए वाक्य, सही क्रम में होने पर, एक सुसंगत अनुच्छेद बनाते हैं। प्रत्येक वाक्य को एक अक्षर से नामित किया गया है। एक सुसंगत अनुच्छेद बनाने के लिए दिए गए विकल्पों में से वाक्यों का सर्वाधिक तर्कसंगत क्रम चुनें।

Patty the milkmaid had just finished milking her cow and had two full pails of fresh creamy milk.
A-'Once I get the money, I'll buy a chicken', she thought.
B-She put both pails on a stick and set off to the market to sell her pails of milk.
C-This chicken will lay tens of eggs.
D-Along the way she started to think of all the milk in her pails and all the money she would get for them.

Ans

✗ A. BDCA

✗ B. DBAC

✗ C. DBCA

✓ D. BDAC

Q.62 उस घिरनी प्रणाली का वेग अनुपात ज्ञात कीजिए, जिसकी दक्षता 50% हो और इस पर 100 N का बल लगाए जाने पर 250 N का भार उठाती हो।

Ans

✗ A. 10

✗ B. 2.5

✗ C. 7.5

✓ D. 5

Q.63 5 वर्ष पहले, रोहन के पिता की आयु, रोहन की आयु की 8 गुनी थी। 5 वर्ष बाद, रोहन के पिता की आयु और रोहन की आयु का अनुपात 10: 3 होगा। रोहन की वर्तमान आयु क्या है?

Ans

✓ A. 10 वर्ष

✗ B. 8 वर्ष

✗ C. 12 वर्ष

✗ D. 15 वर्ष

Q.64 एक व्यक्ति अपनी पूँजी के 2/7वें हिस्से की वसीयत अपनी पत्नी के नाम पर करता है। शेष पूँजी के 1/3वें हिस्से की वसीयत अपने पुत्र के नाम पर करता है और शेष बची हुई पूँजी अपनी तीन पुत्रियों में बराबर-बराबर बाँट देता है। यदि प्रत्येक पुत्री को पुत्र के हिस्से के 2/3वें हिस्से के बराबर धन प्राप्त होता है और प्रत्येक पुत्री को ₹ 2,00,000 मिलते हैं, तो उस व्यक्ति की कुल पूंजी कितनी थी?

Ans

✗ A. ₹ 10,50,000

✗ B. ₹ 8,60,000

✗ C. ₹ 15,75,000

✓ D. ₹ 12,60,000

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.65 दी गई श्रेणी में लुप्त संख्या ज्ञात कीजिए।

$-3.4, -2.7, -2, -1.3, -0.6, ?$

Ans
- ✗ A. 0
- ✗ B. 0.2
- ✗ C. 0.3
- ✓ D. 0.1

Q.66 एक व्यापारी ₹ 8,000 में 200 kg अनाज खरीदता है। परिवहन के दौरान इस अनाज का 4% हिस्सा नष्ट हो जाता है। 20% लाभ अर्जित करने के लिए उसे शेष बचे अनाज को किस भाव पर बेचना चाहिए?

Ans
- ✓ A. ₹ 50/kg
- ✗ B. ₹ 48/kg
- ✗ C. ₹ 45/kg
- ✗ D. ₹ 54/kg

Q.67 इंजन में खराबी के कारण, एक एक्सप्रेस ट्रेन अपनी सामान्य चाल की 9/10 चाल से चलती है और 2:28 pm के बजाय 2:34 pm पर पहुँचती है। उसने किस समय चलना शुरू किया था?

Ans
- ✗ A. 1 : 32 pm
- ✗ B. 1 : 36 pm
- ✓ C. 1 : 34 pm
- ✗ D. 1 : 40 pm

Q.68 शास्त्रीय संगीतकार टीआर महालिंगम किस वाद्य यंत्र से संबंधित हैं?

Ans
- ✗ A. तबला
- ✗ B. मृदंग
- ✓ C. बाँसुरी
- ✗ D. संतूर

Q.69 5000 kg/m^3 घनत्व और 10.8 N भार वाले धातु के टुकड़े का आयतन (cm^3 में) ज्ञात कीजिए। ($g = 10m / s^2$ लें)

Ans
- ✗ A. 540
- ✓ B. 216
- ✗ C. 54
- ✗ D. 21.6

Q.70 _____ एक झुका हुआ किनारा होता है, जो जुड़ने वाली सतह से समकोण पर नहीं होता है।

Ans
- ✗ A. बुल नोज़
- ✗ B. ओजी (द्विज्या)
- ✗ C. इयूपॉन्ट
- ✓ D. बेवल

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.71 निम्न में से कौन सा पंजाब का लोक-नृत्य है?

Ans
✗ A. लेझिम
✗ B. नाटी
✓ C. गिद्दा
✗ D. बागुरुम्बा

Q.72 दिए गए वाक्यांशों को एक सार्थक अंग्रेजी वाक्य बनाने के लिए पुनर्व्यवस्थित करें।

Till a few years back, I used
X-used to intermingle with literature and humanism
Y-to admire at the great and insightful language used in
Z-some of the judgments of the higher judiciary, where law

Ans
✓ A. YZX
✗ B. ZYX
✗ C. XZY
✗ D. YXZ

Q.73 एक कथन और उसके बाद दो निष्कर्ष दिए गए हैं। निर्णय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन सा दिए गए कथन का तार्किक रूप से पालन करता है।

कथन : गुणवत्तापूर्ण भोजन महंगा होता है। फर्नीचर के पुराने होने की वजह से रेस्तरां के मालिक रेस्तरां का नवीनीकरण कर रहे हैं।

निष्कर्ष I: रेस्तरां के भोजन की गुणवत्ता में सुधार होगा।
निष्कर्ष II: फर्नीचर पुराना होने पर सभी रेस्तरां को नवीनीकृत किया जाना चाहिए।

Ans
✗ A. केवल निष्कर्ष I पालन करता है।
✗ B. निष्कर्ष I और II, दोनों पालन करते हैं।
✗ C. केवल निष्कर्ष II पालन करता है।
✓ D. न तो निष्कर्ष I और न ही II पालन करता है।

Q.74 उस विकल्प का चयन करें, जो तीसरे शब्द से उसी प्रकार संबंधित है, जिस प्रकार दूसरा शब्द, पहले शब्द से संबंधित है।
वकील : न्यायाधीश :: शिक्षक :?

Ans
✓ A. प्रधानाचार्य
✗ B. कक्षा
✗ C. छात्र
✗ D. विद्यालय

Q.75 500 kg द्रव्यमान वाली एक कार में मौजूद गतिज ऊर्जा 64 kJ है। इसकी चाल (m/s में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ A. 16
✗ B. 32
✗ C. 48
✗ D. 64

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.76 भारतीय संविधान में समावेशित स्वतंत्रता, समानता और बंधुता के आदर्श _____ के संविधान से लिए गए हैं।

Ans

✗ A. सोवियत संघ

✗ B. संयुक्त राष्ट्र अमेरिका

✗ C. जापान

✓ D. फ्रांस

Q.77 एक निश्चित कूटभाषा में, STOLE को 39468 और RICH को 5271 लिखा जाता है। उसी कूटभाषा में, शब्द THIS को लिखा जाएगा:

Ans

✗ A. 9283

✗ B. 7583

✗ C. 3274

✓ D. 9123

Q.78 एक एकसमान मीटर पैमाने (स्केल) का वजन 75 g है। इसे 50 cm के निशान पर टिकाया गया है। 40 g के एक द्रव्यमान को 20 cm के निशान पर और 50 g के एक द्रव्यमान को 90 cm के निशान पर रखा जाता है। इसमें 20 g के एक अन्य द्रव्यमान को कहां पर रखे जाने पर यह पैमाना (स्केल) संतुलन की स्थिति में होगा?

Ans

✗ A. 96 cm के निशान पर

✗ B. 54 cm के निशान पर

✗ C. 4 cm के निशान पर

✓ D. 46 cm के निशान पर

Q.79 आइबूप्रोफेन, प्राथमिक चिकित्सा (फर्स्ट एड) बक्सों में मौजूद एक आम दवा है। आइबूप्रोफेन कब ली जानी चाहिए?

Ans

✓ A. दर्द, बुखार और सूजन का इलाज करने के लिए

✗ B. अस्थमा से राहत दिलाने के लिए

✗ C. रक्त के थक्के जमाने में सहायता करने के लिए

✗ D. अपच एवं सीने के जलन को कम करने के लिए

Q.80 स्कॉटिश चिकित्सक डेनियल रदरफोर्ड ने 1772 में _____ की खोज की थी।

Ans

✗ A. हाइड्रोजन

✗ B. हीलियम

✗ C. क्लोरीन

✓ D. नाइट्रोजन

Q.81 'm' kg द्रव्यमान वाले एक ड्रम को एक रैंप पर लुढ़काया जाता है। रैंप के निचले सिरे पर इसकी गतिज ऊर्जा 10 kJ और वेग 20 m/s था। यदि इसकी प्रारंभिक गतिज ऊर्जा 625 J थी तो इसे किस वेग (m/s में) से रैंप से नीचे धकेला गया था?

Ans

✗ A. 7.5

✗ B. 10

✓ C. 5

✗ D. 2.5

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary

Q.82 ₹ 10,000 की राशि पर 10% वार्षिक दर पर 1 वर्ष के लिए, वार्षिक और अर्धवार्षिक चक्रवृद्धि करके गणना किए जाने प्राप्त चक्रवृद्धि ब्याज की राशियों के बीच का अंतर ज्ञात कीजिए?

Ans
- ✔ A. ₹ 25
- ✘ B. ₹ 10
- ✘ C. ₹ 50
- ✘ D. ₹ 5

Q.83 2 cm त्रिज्या और 0.05 cm मोटाई वाले एक सोने के सिक्के का द्रव्यमान (gm में) ज्ञात कीजिए। (सोने का घनत्व 19.3 gm/cm^3 है)

Ans
- ✔ A. 12.1
- ✘ B. 6.1
- ✘ C. 0.06
- ✘ D. 0.03

Q.84 यदि 'F' N का बल लगाकर 25 kg द्रव्यमान के एक बक्से को 15 m तक धकेला जाता है, यदि इस प्रक्रिया में किया गया कार्य 480 J हो, तो F का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. 50
- ✘ B. 25
- ✔ C. 32
- ✘ D. 16

Q.85 यदि a का 25% = b है, तो 160 का b% बराबर होगा:

Ans
- ✘ A. a के 80% के
- ✔ B. a के 40% के
- ✘ C. a के 50% के
- ✘ D. a के 60% के

Q.86 यदि A $ B का अर्थ है कि A, B की बहन है, A # B का अर्थ है कि A, B की माँ है और A × B का अर्थ है कि A, B का पिता है, तो P × Q $ R # S का क्या अर्थ है?

Ans
- ✘ A. P, S का पुत्र है
- ✘ B. P, S का दामाद है
- ✘ C. P, S का पिता है
- ✔ D. P, S का नाना है

Q.87 यदि एक साथ काम करते हुए, A, B और C किसी कार्य को 4 दिनों में पूर्ण कर सकते हैं। हालाँकि, कार्य शुरू करने के बाद, B कार्य छोड़ देता है और A और C, कार्य के बचे हुए हिस्से को 6 दिनों में पूर्ण करते हैं। यदि B को अकेले कार्य करना होता, तो उसे उस कार्य को पूर्ण करने में कितने दिन का समय लगता?

Ans
- ✘ A. 15
- ✘ B. 9
- ✘ C. 8
- ✔ D. 12

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.89 एक समचतुर्भुज के विकर्णों की लंबाई 18 cm और 14 cm है, क्षेत्रफल (cm^2 में) ज्ञात कीजिए?

Ans

✗ A. 252

✓ B. 126

✗ C. 63

✗ D. 504

Q.90 निम्नलिखित में से किस पदार्थ का घनत्व सर्वाधिक होता है?

Ans

✗ A. पारा

✗ B. तांबा

✓ C. सोना

✗ D. लोहा

Q.91 उस शब्द का चयन करें, जो अन्य से भिन्न हो।

Ans

✗ A. जूट

✗ B. नारियल की जटा

✓ C. ऊन

✗ D. कपास

Q.92 निम्नलिखित में से कौन सी गैस एक प्रमुख ग्रीनहाउस गैस नहीं है, जो जलवायु परिवर्तन का कारण होती है?

Ans

✗ A. मीथेन

✗ B. कार्बन डाईऑक्साइड

✓ C. नाइट्रस ऑक्साइड

✗ D. कार्बन मोनोक्साइड

Q.93 दो ट्रेनें एक ही समय पर चलना शुरू करती हैं। ट्रेन A, 54 km की औसत चाल से चलते हुए शहर M से शहर N तक जाती है, जबकि ट्रेन B, शहर N से शहर M तक जाती है। दोनों शहरों के बीच की दूरी 960 km है। यदि दोनों ट्रेनें 8 घंटे बाद एक दूसरे को पार करती हैं तो ट्रेन B की औसत चाल (km/hr में) ज्ञात कीजिए?

Ans

✗ A. 72

✗ B. 76

✓ C. 66

✗ D. 60

Q.94 'द इनक्रेडिबल एडवेंचर्स ऑफ प्रोफेसर शोंकू' के लेखक का नाम बताइए।

Ans

✗ A. ऋत्विक घटक

✓ B. सत्यजित रे

✗ C. रविंद्रनाथ टैगोर

✗ D. राहुल बोस

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.95 इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) 2018 के फाइनल में चेन्नई सुपर किंग्स ने _____ के साथ प्रतिस्पर्धा की।

Ans

✗ A. मुंबई इंडियंस

✗ B. कोलकाता नाइट राइडर्स

✓ C. सनराइजर्स हैदराबाद

✗ D. रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर

Q.96 एक पंप की कार्यक्षमता 50% है। यह 20 मिनट में 2 टन पानी को 60 मीटर ऊँचाई तक चढ़ा सकता है। पंप की इनपुट शक्ति (kW में) ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. 3

✗ B. 4

✓ C. 2

✗ D. 1

Q.97 1.6 कूलाम के एक आवेश को 0.8 V विभवान्तर पर स्थानांतरित करने में किया गया कार्य (जूल में) ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. 2

✗ B. 0.5

✗ C. 2.56

✓ D. 1.28

Q.98 संकेतन Ø7 का अर्थ है:

Ans

✗ A. त्रिज्या 7 इकाई

✗ B. भुजा की लंबाई 7 इकाई

✗ C. दीवार की मोटाई 7 इकाई

✓ D. व्यास 7 इकाई

Q.99 'ρ' प्रतिरोधकता, 'L' लंबाई और 'A' अनुप्रस्थ काट के क्षेत्रफल वाले धातु के एक तार, जिसमें से 't' सेकेंड में 'Q' आवेश प्रवाहित होता है, के विभवांतर 'V' के लिए निम्नलिखित में से कौन सा सूत्र सही है?

Ans

✓ A. $VAt = Q\rho L$

✗ B. $VLt = AQ\rho$

✗ C. $VQt = A\rho L$

✗ D. $V\rho Q = AtL$

Q.100 दशमलव (डेसीमल) संख्या 413 के समतुल्य बाइनरी संख्या क्या होगी?

Ans

✗ A. 110110111

✗ B. 100111111

✓ C. 110011101

✗ D. 111001001

Section : **Part B**

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary

GET IT ON Google Play

Q.101 अंतर्मापी माइक्रोमीटर का उपयोग _____ मापने के लिए किया जाता है।

Ans
✔ A. वर्कपीस का आतंरिक व्यास
✘ B. वर्कपीस की गहराई
✘ C. वर्कपीस का बाहरी व्यास
✘ D. वर्कपीस की लंबाई

Q.102 वक्रीय-कट फाइल का उपयोग किसलिए किया जाता है?

Ans
✔ A. कठोर धातुओं की वक्रीय सतहों को काटने के लिए।
✘ B. समकोणीय फाइलिंग के लिए।
✘ C. अर्ध-वृत्ताकार फाइलिंग के लिए।
✘ D. नर्म धातु से बने वर्कपीस को गहरा काटने के लिए।

Q.103 संयोजन सेट (कॉम्बिनेशन सेट) में, केंद्र गेज (सेंटर गेज) का उपयोग _____ किया जाता है।

Ans
✘ A. केंद्र बिंदु (सेंटर पॉइंट्स) खोजने के लिए
✘ B. त्रिज्या मापने के लिए
✘ C. समांतरता की जांच करने के लिए
✔ D. समकोण की जांच करने के लिए

Q.104 नर्म इस्पात (माइल्ड स्टील) के बने एक वर्कपीस को काटने के लिए 24 mm व्यास वाली उच्च गति इस्पात (हाई स्पीड स्टील) के बने ड्रिल का rpm ज्ञात कीजिए। (नर्म इस्पात (माइल्ड स्टील) के लिए कर्तन गति (कटिंग स्पीड) 30 m/min लें।)

Ans
✘ A. 965 rpm
✘ B. 698 rpm
✔ C. 398 rpm
✘ D. 435 rpm

Q.105 सेंटर ड्रिल ऑपरेशन का क्या उद्देश्य है?

Ans
✔ A. ड्रिलिंग ऑपरेशन के लिए ड्रिल की स्थिति का पता लगाने और उसे सही स्थान पर रखने के लिए।
✘ B. घूमने वाले केंद्र को होल्ड करने के लिए।
✘ C. रीमर का पता लगाने के लिए।
✘ D. मशीन टैप का पता लगाने के लिए।

Q.106 अर्ध-गोलाकार रेती (हाफ राउंड फ़ाइल) का उपयोग किसलिए किया जाता है?

Ans
✘ A. लंबवत फाइलिंग के लिए
✘ B. सीधी फाइलिंग के लिए
✘ C. क्रॉस फाइलिंग के लिए
✔ D. वक्रीय फाइलिंग के लिए

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.107 फाइलिंग क्या है?

Ans
✗ A. सतह की सामग्री को काटकर निकालना
✗ B. वर्कपीस की सतह की चिपिंग करना
✗ C. वर्कपीस की सतह की सामग्री को खुरचना
✓ D. वर्कपीस से अतिरिक्त सामग्री को हटाना

Q.108 स्थिर हैक्सॉ फ्रेम _____ उपयुक्त होता है।

Ans
✗ A. केवल मानक डाई के लिए
✗ B. विभिन्न लंबाई के ब्लेडों को पकड़ने के लिए
✓ C. एक विशेष मानक के एकल आकार के ब्लेडों को पकड़ने के लिए
✗ D. सभी प्रकार के हैक्सॉ ब्लेडों के लिए

Q.109 खराद (लेथ) की मुख्य धुरी में एक _____ होता है।

Ans
✗ A. जर्नो टेपर
✗ B. विशेष ISO टेपर
✓ C. मोर्स टेपर
✗ D. मेट्रिक टेपर

Q.110 चार जबड़े (जॉ) वाला स्वतंत्र चक हमेशा _____ पकड़ने के लिए प्रयोग किया जाता है।

Ans
✗ A. टैप को
✗ B. वृत्ताकार जॉब को
✓ C. अनियमित आकार के जॉब को
✗ D. डाई को

Q.111 लचीले हैक्सॉ ब्लेड के बारे में इनमें से कौन सा कथन सही है?

Ans
✓ A. पूरे ब्लेड को कठोरीकृत किया जाता है।
✗ B. केवल दंतयुक्त हिस्से को कठोरीकृत किया जाता है।
✗ C. केवल पिनहोल क्षेत्र को कठोरीकृत किया जाता है।
✗ D. दांतों को छोड़कर पूरी बॉडी को कठोरीकृत किया जाता है।

Q.112 स्लिप गेज _____ से बने होते हैं।

Ans
✓ A. कठोरीकृत स्टील मिश्र धातु (हार्डेन्ड स्टील एलॉय)
✗ B. उच्च कार्बन इस्पात (हाई कार्बन स्टील)
✗ C. स्टेनलेस स्टील
✗ D. उच्च गति इस्पात (हाई स्पीड स्टील)

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.113 खराद (लेथ) मशीन पर कॉपीइंग अटैचमेंट (प्रतिलिपीकरण संलग्नक) का उपयोग किसलिए किया जाता है?

Ans

✗ A. लंबे वर्कपीस पर लंबे थ्रेड काटने के लिए

✗ B. बेलनाकार सतहों की ग्राइंडिंग के लिए

✗ C. लंबे जॉब्स के लिए

✓ D. बड़ी संख्या में एक जैसे पुर्जे बनाने के लिए

Q.114 वर्कपीस पर सीधी लाइनें बनाने के लिए निम्न में से कौन से उपकरण का प्रयोग किया जाता है?

Ans

✓ A. स्क्राइबर

✗ B. डॉट पंच

✗ C. ट्राई स्क्वायर (गुनिया)

✗ D. वाह्य स्प्रिंग कैलीपर

Q.115 हैंड टैप सेट में, दूसरे टैप को _____ कहा जाता है।

Ans

✓ A. मध्यवर्ती टैप

✗ B. अंतिम टैप

✗ C. टेपर टैप

✗ D. आधार टैप

Q.116 बेंच वाइस का कार्य है:

Ans

✗ A. वर्कपीस का अनुसरण करना

✗ B. वर्कपीस को निर्देशित करना

✗ C. वर्कपीस को सहारा देना

✓ D. वर्कपीस को पकड़ना

Q.117 वर्नियर बेवल प्रोट्रैक्टर का अल्पतमांक _____ होता है।

Ans

✗ A. 0.01'

✓ B. 5.00'

✗ C. 1.00'

✗ D. 0.02'

Q.118 टर्निंग मशीन की संरचना के आधार पर, कैरिज की कितनी प्रकार की गतियाँ संभव हैं?

Ans

✗ A. 5

✓ B. 3

✗ C. 4

✗ D. 2

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.119 ड्रिलिंग करते समय, आवश्यकता से अधिक आकार का छिद्र ड्रिल होने का क्या कारण है?

Ans

✔ A. ड्रिल के असमान कर्तन किनारे

✘ B. अनुपयुक्त शीतलक

✘ C. अनुपयुक्त फ़ीड

✘ D. परिवर्ती RPM

Q.120 यदि लीड स्क्रू की पिच 5 mm है तो खराद (लेथ) पर 2.5 mm की पिच काटने के लिए चेंज गियर ज्ञात कीजिए?

Ans

✘ A. संचालक (ड्राइवर) 80 दांते, संचालित (ड्रिवेन) 150 दांते

✔ B. संचालक (ड्राइवर) 50 दांते, संचालित (ड्रिवेन) 100 दांते

✘ C. संचालक (ड्राइवर) 100 दांते, संचालित (ड्रिवेन) 180 दांते

✘ D. संचालक (ड्राइवर) 75 दांते, संचालित (ड्रिवेन) 200 दांते

Q.121 वर्कपीस पर मैंड्रेल का उपयोग वर्कपीस को _____ के लिए किया जाता है।

Ans

✘ A. टर्न करने

✘ B. सहारा देने

✘ C. पकड़ने

✔ D. फॉलो करने

Q.122 निवारक रखरखाव कार्यक्रम क्यों बनाए जाते हैं?

Ans

✘ A. मशीनरी की नियमित मरम्मत के लिए

✘ B. नियमित स्नेहन अनुसूची बनाने के लिए

✘ C. मशीन के प्रत्येक भाग के लिए नियमित सफाई अनुसूची बनाने के लिए

✔ D. उपकरणों की सुरक्षा और प्रदर्शन में सुधार करने हेतु सतत प्रक्रियाएं बनाने के लिए

Q.123 किसी वर्कपीस की केंद्रों के बीच टर्निंग करते समय, ड्राइव को वर्कपीस में संचारित करने के लिए _____ प्लेट का उपयोग किया जाता है।

Ans

✘ A. सतही (सर्फेस)

✘ B. ड्राइविंग

✘ C. एंगल

✔ D. फॉलोअर स्टीडी

Q.124 संवेदनशील ड्रिल मशीन की वर्क लोड क्षमता इतनी होती है कि यह _____ ड्रिल कर सकती है।

Ans

✘ A. 35 mm से 55 mm

✘ B. 60 mm से अधिक

✔ C. 12.5 mm तक

✘ D. 15 mm से 30 mm

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.125 उत्पादन क्षेत्र में प्रयुक्त ड्राइंग की भाषा में MMC का पूरा नाम क्या है?

Ans
- ✔ A. Maximum Material Condition (मैक्सिमम मटेरियल कंडीशन)
- ✘ B. Major Measurable Controls (मेजर मेजरेबल कंट्रोल्स)
- ✘ C. Maximum Moment Control (मैक्सिमम मोमेंट कंट्रोल)
- ✘ D. Maximum & Minimum Challenges (मैक्सिमम एंड मिनिमम चैलेंजेज)

Q.126 कर्तन उपकरण को वर्कपीस की अक्ष के लंबवत संचालित करके, फलक (फेस) से धातु को हटाने की प्रक्रिया को _____ कहा जाता है।

Ans
- ✘ A. टेपर टर्निंग ऑपरेशन
- ✘ B. रिसेसिंग ऑपरेशन
- ✔ C. फेसिंग ऑपरेशन
- ✘ D. प्लेन टर्निंग ऑपरेशन

Q.127 एक समायोज्य हैक्सॉ फ्रेम का उपयोग _____ पकड़ने के लिए किया जाता है।

Ans
- ✔ A. विभिन्न आकार के हैक्सॉ ब्लेडों को
- ✘ B. निश्चित आकारों के हैक्सॉ ब्लेडों को
- ✘ C. डाई को
- ✘ D. टैप को

Q.128 ऑल-गियर्ड हेड स्टॉक क्या है?

Ans
- ✘ A. यह एक सहायक उपकरण के साथ काम करता है।
- ✘ B. यह खराद (लेथ) का एक विशेष अटैचमेंट है।
- ✔ C. यह धुरी की गतियों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है।
- ✘ D. यह एक सहायक उपकरण का औजार है।

Q.129 गोलाकार रेती (राउंड फाइल) का उपयोग किसलिए किया जाता है?

Ans
- ✔ A. वृत्ताकार छिद्र को बड़ा करने के लिए
- ✘ B. आयताकार स्लॉट को फाइल करने के लिए
- ✘ C. केवल त्रिभुजाकार आकृतियों को फाइल करने के लिए
- ✘ D. केवल समतल सतहों को फाइल करने के लिए

Q.130 Ø23.4±0.3 माप के लिए न्यूनतम छिद्र आकार क्या होगा?

Ans
- ✘ A. Ø23.7
- ✘ B. Ø23
- ✔ C. Ø23.1
- ✘ D. Ø23.3

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.131 इस्पात (स्टील) का कठोरीकरण करते समय, वांछित कठोरीकरण प्रभाव प्राप्त करने के लिए क्या किया जाना चाहिए?

Ans

✔ A. मिश्र धातु में पर्याप्त कार्बन मिलाया जाना चाहिए।

✘ B. कार्बन का प्रतिशत कम किया जाना चाहिए।

✘ C. तापन (हीटिंग) से पहले वर्कपीस की टर्निंग का कार्य पूर्ण कर लिया जाना चाहिए।

✘ D. तापन समय (हीटिंग टाइम) बढ़ाया जाना चाहिए।

Q.132 जिग का कार्य है:

Ans

✘ A. वर्कपीस को निर्देशित करना

✘ B. टेपर टर्निंग के दौरान गाइड करना

✘ C. टेल स्टॉक को निर्देशित करना

✔ D. टूल को निर्देशित करना

Q.133 वर्कपीस में छिद्र बनाने के लिए किस उपकरण का उपयोग किया जाता है?

Ans

✘ A. केवल टैप

✘ B. डाई

✔ C. ड्रिल बिट

✘ D. एकल बिंदु कर्तन उपकरण (सिंगल पॉइंट कटिंग टूल)

Q.134 डाई का उपयोग किया जाता है:

Ans

✔ A. वाह्य थ्रेड काटने के लिए

✘ B. धातु के ब्लॉकों की फोर्जिंग के लिए

✘ C. केवल तिरछे थ्रेड के लिए

✘ D. आंतरिक थ्रेड काटने के लिए

Q.135 रिंग गेज का कार्य _____ की जांच करना है।

Ans

✘ A. ब्लाइंड होल की गहराई

✘ B. पुर्जे के आन्तरिक व्यास

✘ C. पुर्जे की लंबाई

✔ D. पुर्जे के बाहरी व्यास

Q.136 मशीनिंग के दौरान शीतलक (कूलेंट) का उपयोग किसलिए किया जाता है?

Ans

✘ A. क्योंकि वे चिप्स को आसानी से हटा देते हैं

✘ B. क्योंकि वे कटिंग कार्य को बेहतर ढंग से करने में मदद करते हैं

✘ C. काटने की गति और फ़ीड को नियंत्रित करने के लिए

✔ D. वर्कपीस और उपकरण (टूल) के कर्तन किनारों के शीतलन एवं स्नेहन के लिए

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary

GET IT ON Google Play

Q.137 सतह प्लेट (सर्फेस प्लेट) _____ होती है।

Ans
✔ A. समतल सतहों की सटीकता जांचने के लिए प्रयुक्त एक ठोस, समतल टेबल
✘ B. एक प्रकार की अंकन/चिन्हन (मार्किंग) टेबल
✘ C. एक प्रकार की कार्य निरीक्षण प्लेट
✘ D. एक जाँच यंत्र

Q.138 टर्निंग मशीन पर हेड स्टॉक सामान्यतः कहाँ लगाए जाते हैं?

Ans
✔ A. बाईं ओर
✘ B. दाईं ओर
✘ C. मध्य भाग में
✘ D. टूल पोस्ट के पीछे की तरफ

Q.139 खराद (लेथ) पर टेल स्टॉक का उपयोग होता है:

Ans
✘ A. लंबे वर्कपीस को सहारा देने के लिए
✘ B. वर्कपीस को गाइड करने के लिए
✘ C. वर्कपीस को होल्ड करने के लिए
✔ D. कटिंग टूल को गाइड करने के लिए

Q.140 कोन पुली हैडस्टॉक के लिए निम्नलिखित में से कौन सा सही है?

Ans
✔ A. स्पिंडल की गति में परिवर्तन के अनुसार बेल्ट को हस्तचालित रूप से शिफ्ट किया जाना चाहिए।
✘ B. स्पिंडल की गति के आधार पर गियर बदला जाना चाहिए।
✘ C. बेल्ट बदलने की आवश्यकता नहीं है।
✘ D. यह स्वचालित रूप से स्पिंडल की गति को बदलता है।

Q.141 यदि किसी टेपर शैंक ड्रिल के शैंक में 'MT 2' अंकित हो तो इसका क्या अभिप्राय है?

Ans
✘ A. मैचिंग टेपर नंबर 2
✘ B. मीट्रिक टेपर नंबर 2
✘ C. मल्टीपरपज टेपर नंबर 2
✔ D. मोर्स टेपर नंबर 2

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.142 फेस प्लेट _____ है।

Ans
✗ A. खराद (लेथ) मशीन का कर्तन उपकरण (कटिंग टूल) होल्डर
✗ B. खराद (लेथ) मशीन का अंकन उपकरण
✓ C. खराद (लेथ) मशीन का होल्डिंग उपकरण
✗ D. खराद (लेथ) मशीन का सहायक उपकरण

Q.143 संयोजन सेट (कॉम्बिनेशन सेट) का उपयोग किसलिए किया जाता है?

Ans
✓ A. कोणों को मापने और जांचने के लिए।
✗ B. केवल गोलीय सतहों को मापने और जांचने के लिए
✗ C. अनफिनिश्ड वर्कपीस के छिद्रों का आकार मापने के लिए।
✗ D. फिनिश्ड वर्कपीस के आंतरिक छिद्रों का आकार मापने के लिए

Q.144 वर्नियर बेवल प्रोट्रैक्टर एक _____ है।

Ans
✗ A. अप्रत्यक्ष कोणीय गेज
✗ B. टेपर कैलकुलेटर
✗ C. सामान्य मापन उपकरण
✓ D. प्रत्यक्ष यथार्थ कोण मापन उपकरण

Q.145 पुर्जे पर चैम्फरिंग का उपयोग किया जाता है:

Ans
✗ A. हेलीकल ग्रूव बनाने के लिए
✗ B. टैप की सही स्थिति निर्धारित करने के लिए
✓ C. बेवल्ड (झुके हुए) किनारे बनाने के लिए
✗ D. छिद्र के व्यास के आसपास एक रिसेस (गुहा) बनाने के लिए

Q.146 इनमें से कौन सा खराद (लेथ) का मुख्य हिस्सा नहीं है?

Ans
✗ A. लीड स्क्रू
✗ B. हेडस्टॉक
✓ C. एंगल प्लेट
✗ D. कैरिज

Q.147 'सेंटर पंच' का समाविष्ट कोण (included angle) कितना होता है?

Ans
✗ A. 45°
✗ B. 120°
✗ C. 30°
✓ D. 60°

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.148 खराद पर विकेन्द्रित (एसेंट्रिक) टर्निंग कार्य के दौरान, वर्कपीस _____ घूमता है

Ans
✗ A. मशीन से लंबवत दिशा में एक अक्ष पर
✓ B. मशीन की केंद्रीय अक्ष से विकेन्द्रित
✗ C. मशीन से क्षैतिज दिशा में एक अक्ष पर
✗ D. बिल्कुल मशीन की केंद्रीय अक्ष में

Q.149 "(10)" की तरह प्रदर्शित की जाने वाली माप के प्रकार को क्या कहा जाता है?

Ans
✗ A. दशमलव माप (डेसीमल डायमेंशन)
✓ B. सन्दर्भ माप (रेफरेंस डायमेंशन)
✗ C. अंकित माप (नॉमिनल डायमेंशन)
✗ D. मूल माप (बेसिक डायमेंशन)

Q.150 इंजीनियर्स हैमर एक हैंड टूल है, जिसका उपयोग निम्नलिखित के लिए किया जाता है:

Ans
✓ A. स्ट्राइकिंग कार्य के लिए
✗ B. छिद्रों को बड़ा करने के लिए
✗ C. वर्कपीस को समतल करने के लिए
✗ D. त्रिज्या संबंधी कार्यों के लिए

Q.151 कैरिज, खराद (लेथ) पर जिन बेड मार्गों पर खिसकता है, वे _____ के बीच होते हैं।

Ans
✗ A. नॉर्टन गियरबॉक्स और फीड रॉड
✗ B. टेल स्टॉक और फ़ॉलोअर स्टीडी
✓ C. हेड स्टॉक और टेल स्टॉक
✗ D. क्रॉस स्लाइड और कंपाउंड स्लाइड

Q.152 जेनी कैलीपर का उपयोग किसलिए किया जाता है?

Ans
✗ A. केवल त्रिभुजों को चिन्हित करने के लिए।
✓ B. अंदर और बाहर की तरफ समांतर रेखाएं चिन्हित करने के लिए।
✗ C. केवल वक्रीय रेखाएं चिन्हित करने के लिए।
✗ D. केवल गहराई को चिह्नित करने और मापने के लिए।

Q.153 'ट्विस्ट ड्रिल' का समाविष्ट बिंदु कोण (included point angle) कितना होता है?

Ans
✗ A. 60°
✗ B. 90°
✗ C. 29°
✓ D. 118°

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.154 वहिर्मापी माइक्रोमीटर की तुलना में, डेप्थ माइक्रोमीटर पर अंकित अंशांकन:

Ans
✗ A. केवल अल्पतमांकों में परिवर्तन प्रदर्शित करता है
✗ B. वहिर्मापी माइक्रोमीटर के समान दिशा में होते हैं
✓ C. वहिर्मापी माइक्रोमीटर के विपरीत दिशा में होते हैं
✗ D. अंशांकन में कोई परिवर्तन प्रदर्शित नहीं करता है

Q.155 एक स्क्रू थ्रेड _____ यूनिफ़ॉर्म सेक्शन का एक रिज है।

Ans
✗ A. व्यास पर मौजूद सामान्य ग्रूव से बने
✗ B. वर्कपीस की बॉडी पर एक सतत कैनाल काटकर बनाए गए
✗ C. स्थाई रूप से धातु की बॉडी के साथ मरोड़े हुए
✓ D. एक बेलनाकार बॉडी की घुमावदार सतह पर बनाए गए

Q.156 टेलीस्कोपिक गेज क्या है?

Ans
✓ A. एक प्रकार का अप्रत्यक्ष यथार्थमापी गेज
✗ B. सूक्ष्मदर्शी की मदद से अधिक लंबे जॉब की जांच करने के लिए प्रयुक्त उपकरण
✗ C. रिवेटिंग या वेल्डिंग के बाद वर्कपीस के जोड़ों की जांच करने के लिए प्रयुक्त उपकरण
✗ D. दो संयुग्मी भागों के फलकों के बीच के अंतर की जांच करने के लिए प्रयुक्त उपकरण

Q.157 अपघर्षक (एब्रेसिव) ग्राइंडिंग व्हील _____ बने होते हैं।

Ans
✗ A. ढलवां लोहे से
✗ B. कांस्य और सिल्वर (चांदी) से
✗ C. तांबे और हीरे से
✓ D. कृत्रिम रूप से निर्मित एब्रेसिव ग्रेन से

Q.158 38 A, _____ की ग्राइंडिंग के लिए डिज़ाइन किया गया एक एल्यूमीनियम ऑक्साइड अपघर्षक है।

Ans
✗ A. कार्बाइड कटिंग टूल
✗ B. MS टूल शैंक
✓ C. HSS कटिंग टूल
✗ D. ढलवां लोहे (कास्ट आयरन) के बने वर्कपीस

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.159 मशीन के हिस्सों की लंबवतता की जांच करने के लिए निम्नलिखित में से किस मापन यंत्र का प्रयोग किया जाता है?

Ans
✗ A. वर्नियर कैलीपर
✗ B. बेवल प्रोट्रैक्टर
✓ C. ऊंचाई प्रमापी (हाईट गेज)
✗ D. माइक्रोमीटर

Q.160 काउंटर सिंकिंग _____ है।

Ans
✓ A. ड्रिल किए गए छिद्र के सिरे को तिरछा करने की प्रक्रिया
✗ B. ब्लाइंड होल बनाने की प्रक्रिया
✗ C. ड्रिल किए गए छिद्र की पूरी लंबाई बढ़ाने की प्रक्रिया
✗ D. टैप के अनुरूप छिद्र बनाने की प्रक्रिया

Q.161 फीड प्रति चक्कर (Feed per revolution) का अभिप्राय है:

Ans
✓ A. पूरे एक मिनट की अवधि में कटिंग टूल द्वारा तय की गई दूरी
✗ B. वर्कपीस के एक पूर्ण घूर्णन में कटिंग टूल द्वारा तय की गई दूरी
✗ C. व्यास पर किसी विशेष स्टेप की त्रिज्या का मान
✗ D. वर्कपीस पर कट का एक निशान बनाने के बाद का व्यास

Q.162 सर्वाधिक आम अंकन उपकरण के रूप में सतह प्रमापी (सर्फेस गेज) का क्या उपयोग है?

Ans
✓ A. डैटम लाइन के समानांतर लाइनें उकेरने के लिए
✗ B. वर्कपीस की सतह पर मौजूद समांतर रेखाओं को मापने के लिए
✗ C. फ़ाइल की गई सतहों की जांच करने के लिए
✗ D. चिह्नित लाइनों के छिद्रण (पंचिंग) के लिए

Q.163 मशीन वाइस क्या है?

Ans
✗ A. औजार वाहक उपकरण (टूल कैरीइंग डिवाइस)
✗ B. औजार सहायक उपकरण (टूल सपोर्टिंग डिवाइस)
✗ C. मशीन स्पिंडल होल्डिंग डिवाइस
✓ D. वर्क होल्डिंग डिवाइस

Q.164 _____ खराद (लेथ) पर हाफ सेंटर का उपयोग किया जाता है।

Ans
✗ A. ड्राइविंग प्लेट के साथ कैरियर को गाइड करने के लिए
✗ B. केंद्र ड्रिल (सेंटर ड्रिल) छिद्र को बड़ा करने के लिए
✓ C. सेंटर सपोर्ट से कोई छेड़छाड़ किए बिना वर्कपीस की फेसिंग के लिए
✗ D. हैंड टैप को सही स्थिति में रखने के लिए

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.165 चार स्वतंत्र चक जॉ _____ से बने होते हैं।

Ans
✗ A. कठोर एवं नर्म किया गया उच्च कार्बन इस्पात (हाई कार्बन स्टील)

✗ B. ढलवां लोहा (कास्ट आयरन)

✓ C. कठोर एवं नर्म किया गया स्टेनलेस स्टील

✗ D. उच्च गति इस्पात (हाई-स्पीड स्टील)

Q.166 हाई स्पीड स्टील (HSS), हाई कार्बन स्टील (HCS) _____ होता है।

Ans
✗ A. से मुलायम

✓ B. से कठोर

✗ C. के बराबर मजबूत

✗ D. से कम मजबूत

Q.167 एक वर्नियर कैलीपर का अल्पतमांक _____ होता है।

Ans
✗ A. 0.001 mm

✗ B. 0.05 mm

✓ C. 0.02 mm

✗ D. 0.01 mm

Q.168 बट्रेस का समाविष्ट कोण (included angle) कितना होता है?

Ans
✓ A. 45°

✗ B. 47.5°

✗ C. 55°

✗ D. 29°

Q.169 रेडियस गेज का उपयोग किया जाता है:

Ans
✗ A. रीमिंग के बाद परिष्कृत (फिनिश्ड) छिद्र के आकार की जांच करने के लिए

✗ B. मिलाई गई दो सतहों की बंद फिटिंग की जांच करने के लिए

✗ C. स्क्रू थ्रेड के रूट डायमीटर की जांच करने के लिए

✓ D. वर्कपीसों की त्रिज्या की जांच करने के लिए

Q.170 थ्रेड के काल्पनिक लंबवत रेखा से झुकाव के कोण को _____ को कहा जाता है।

Ans
✗ A. थ्रेड का मूल व्यास (root diameter)

✗ B. थ्रेड का हेलिक्स कोण

✗ C. थ्रेड का लघु व्यास

✓ D. थ्रेड का समाविष्ट कोण (included angle)

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.171 संयोजन ड्रिल _____ से बनी होती है।

Ans
✔ A. उच्च गति इस्पात (हाई स्पीड स्टील)
✘ B. निम्न कार्बन इस्पात (लो-कार्बन स्टील)
✘ C. मध्यम कार्बन इस्पात (मीडियम कार्बन स्टील)
✘ D. उच्च कार्बन इस्पात (हाई कार्बन स्टील)

Q.172 साइन बार का उपयोग किसलिए किया जाता है?

Ans
✘ A. चिन्हन (मार्किंग) के लिए
✔ B. कोणीय गति की जाँच करते समय उच्च स्तरीय सटीकता प्राप्त करने के लिए
✘ C. वर्कपीस पर स्थायी लाइनें चिह्नित करने के लिए
✘ D. परिशुद्ध मापन के लिए

Q.173 टेपर टर्निंग अटैचमेंट का उपयोग करके टेपर की टर्निंग करते समय, कट को _____ द्वारा गहरा किया जाता है।

Ans
✘ A. टेल स्टॉक
✘ B. क्रॉस स्लाइड
✔ C. कंपाउंड स्लाइड को समकोण पर घुमाने के
✘ D. कैरिज

Q.174 डॉट पंच का प्रयोग _____ किया जाता है।

Ans
✔ A. ड्रिलिंग कार्यों हेतु केंद्र चिन्हित करने के लिए
✘ B. स्थायी मार्किंग लाइनें बनाने के लिए
✘ C. केन्द्रीय लाइनों की मार्किंग के लिए
✘ D. डिजाइनिंग, मार्किंग और छिद्रण (पंचिंग)

Q.175 खराद (लेथ) मशीन पर वर्कपीस को इसके दो केंद्रों में पकड़कर उसकी टर्निंग करने की क्रिया को कहा जाता है:

Ans
✘ A. टेपर टर्निंग ऑपरेशन
✘ B. किसी छिद्र को फिनिश करने के लिए रीमिंग ऑपरेशन
✔ C. केंद्र के बीच जॉब की टर्निंग
✘ D. एसेंट्रिक (विकेन्द्रित) टर्निंग ऑपरेशन

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play